## संक्षिप्त

### बसंत पंचमी का पर्व मनाया

**रेवदर** (निसं)। रेवदर के निकट जीरावल संघवी हंसराज कानाजी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जीरावल मैं आज विद्या की देवी मां सरस्वती का प्राकट्य दिवस वसंत पंचमी महोत्सव का धूमधाम से आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मंदिर की सुंदर सजावट व रंगोली बनाई ।कार्य म के अतिथि स्थानीय सरपंच कांतिलाल कोली, भामाशाह प्रकाश राज रावल, वार्ड पंच कंचन देवी रावल व प्रधानाचार्य कमल कांत शर्मा के सानिध्य में कार्य म का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों व अतिथियों ने सरस्वती पूजन कर वीणावादिनी का आशीर्वाद प्राप्त किया। सरपंच कांतिलाल कोली ने भी इस शुभ अवसर पर आशीर्वचन प्रदान किए। इस अवसर पर व्याख्याता भगवत सिंह सोलंकी ,कार्य म प्रभारी मुकेश पुरोहित भादर नाथ सिद्ध, जगदीश कुमार , प्राची कुमारी ने सहयोग प्रदान किया।

### अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**पोकरण,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा ने 7 फरवरी को रीट भर्ती में हुई धांधली के विरोध में धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा जायेगा। जिलाध्यक्ष कादर बक्श बाहला ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि रीट परीक्षा में धांधली के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा जयपुर में किये गए प्रदर्शन पर पुलिस प्रशासन के द्वारा बर्बरता पूर्ण लाठीचार्ज किया गया। जिसमे कई कार्यकर्ता घायल हो गए। गहलोत सरकार के इस कृत्य के विरोध में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जैसलमेर 7 फरवरी को जैसलमेर जिला कलेक्टर के बाहर सुबह 10.30 बजे से विशाल धरना दिया जाएगा। सभी भाजपा कार्यकर्ता को अधिक से अधिक पहुंचने का आव्हान किया।

### डेंटल केयर का उद्घाटन

**स्वरूपगंज,** (निसं)। स्वरूपगंज के प्रजापत कॉलोनी में विधायक समाराम गरासिया एवं प्रधान नितिन बंसल के द्वारा सोमनाथ डेंटल क्लिनिक स्वरूपगंज का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर डेंटल क्लीनिक के इंचार्ज डॉक्टर राहुल वैष्णव व बी एम वैष्णव मौके पर उपस्थित रहे इस अवसर पर नितिन बंसल ने कहा कि कस्बे को डेंटल की सुविधा आसानी से मिलने लग जाएगी। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मौके पर डॉ राम लाल, भुवनेश पुरोहित, गोवर्धन मोहरेश, जबर सिंह केर, पूर्व उप प्रधान हिरालाल चौधरी, लक्ष्मण पुरोहित, गोविंद मालवीय, गुलाब नारायण वैष्णव , संजय अग्रवाल एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### महोत्सव धूमधाम से मनाया

**जोधपुर,** (कासं)। राजकीय आवासीय अंध विद्यालय जोधपुर में शनिवार को बसंत पंचमी का दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया । इस अवसर पर मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई । विद्यालय के संगीत व्याख्याता रामचंद्र कड़ेला ने मां सरस्वती की प्रार्थना प्रस्तुत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद खींची ने ऋतुराज के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय में भामाशाह राम प्रकाश सोलंकी व घनश्याम सोलंकी के पिताजी की स्मृति में गीजर व शिक्षण सामठाी ब्रेल स्लेट विशेष विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई गई ।

# उपस्वाथ्य केन्द्र पर एएनएम नहीं होने के कारण ग्रामीण परेशान

**मंडार,** (निसं)। देशभर में कोरोना महामारी की तीसरी लहर चल रहीं हैं और राज्य तथा केन्द्र की सरकार हर रोज इस महामारी से बचने का नित नया जतन कर रही हैं। हालांकी कोविड-19 बिमारी के तीसरी लहर का असर सिरोही जिले में भी देखने को मिल रहा हैं।

जिसके कारण लोग पॉजिटीव भी आ रहे हैं। ज्ञात रहे की आमजन की देखभाल के लिए जिला मुख्यालय पर सिरोही का चिकित्सा विभाग भले ही मुस्तैद हो मगर ग्रामीण क्षेत्र में विभाग की उदासीनता साफ नजर आ रही हैं। जिसके चलते राज्य सरकार द्वारा मिलने वाली सरकारी सुविधाओ का लाभ ग्रामीण अंचलो के लोगो को नहीं मिल रहा हैं।



मंडार के निकट रायपुर के राजकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र पर पिछले करीब एक माह से एएनएम का पद खाली पड़ा हैं।

■ आसपास के सात गांवों में ही यह एक उप स्वास्थ्य केन्द्र है

रायपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र एक माह से राम भरोसे : रेवदर उपखंड मुख्यालय से करीब तीस किलोमीटर तथा मंडार से बीस किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत रायपुर के राजकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र पर पिछले करीब एक माह से एएनएम (ऑक्जिलरी नर्सिंग मिडवाईफरी) का पद खाली पडा हैं। जानकारी के अनुसार रायपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र पर दो एएनएम अपने पद पर कार्यरत थी। हालांकी दोनो का एक साथ तबादला होने पर वर्तमान में पोस्ट खाली हैं। इधर कोरोना जैसी बिमारी चल रही हैं, बावजूद चिकित्सा विभाग द्वारा काफी समय से एएनएम की नियुक्ती नहीं करने के कारण ग्रामीणो सहित मरीजो को काफी परेशानीयो का सामना करना पड रहा हैं। फिर भी विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं।

वहीं ग्रामीणो ने बताया की आसपास के करीब सात गांवो के अंदर एक मात्र रायपुर कस्बे में उप स्वास्थ्य केन्द्र हैं जो यहा पर ईमेर्जेंसी में छोटी-बड़ी बिमारी का निजी उपचार करवाने पर हल्की राहत मिल जाती थी। परंतु वर्तमान में केन्द्र पर पोस्ट खाली होने के कारण मजबूरन प्राईवेट अस्पताल अथवा गुजरात जाना पडता हैं।

जिससे समय के साथ- साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पडता हैं। इधर उप स्वास्थ्य केन्द्र पर एएनएम नहीं होने के कारण प्रेक्टीस (ट्रेनिंग) करने वाले मरीजो से ईलाज के नाम पर चांदी कूट रहें हैं।

इस सम्बंध में डॉ. राजेश कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिरोही का कहना है कि पांच दिन पूर्व एक एएनएम को लगाया गया था और उसने ज्वाईन भी कर लिया हैं। अभी तक ड्यूटी पर नहीं लगी है तो मैं पता करवाता हूँ।

## सार-समाचार



**रातानाडा कृष्ण मंदिर में बसंत पंचमी पर विशेष झांकी सजाई। इस मौके पर मंदिर को भव्य रुप से सजाया गया। सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरु हो गया था। मंदिर में भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी हुआ।**

### निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

**जालोर,** (कासं)। निकटवर्ती धनाणी गांव में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सायला, आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पीटल जालोर, जिला अंधता निवारण समिति जालोर, के संयुक्त तत्वावधान से विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर 5 फरवरी सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक स्थान सरकारी अस्पताल धनाणी में संपन्न हुआ। इस शिविर में 180 मरीज की जांच करवाई गई। 41 मोतियाबिंद पेसेंट मिले, नि:शुल्क दवाई दी गई। साथ साथ मोतियाबिंद मरीजों को ऑपरेशन के लिए जालौर आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पिटल में भेज दिया गया। 66 चश्मा वितरित किया गया। इस शिविर में जालोर के आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पिटल के प्रबंधक ललित जी, डॉक्टर कृष्णा बहन, ओपटीशियन देवाराम जी,गोपाल जी, काउंसेलर सुरेश राव, लक्ष्मणजी, ब्रम्हाकुमारी रंजू दीदी उपस्थित थे। इस शिविर में विशेष दानदाता स्वर्गीय जैसा माली के परिवार से उनके चार सुपुत्र तोला , जोईता,गलवा ,भरत सहित परिवारजन ने सेवा की। इसह दौरान धानसा गांव के डॉक्टर रामेश्वर गौतम, डॉ अमर सिंह, धनानी गांव के कंपाउंडर कैलाश चंद्र शर्मा, सायला से ब्रह्माकुमारी पवनी बहन, एकता बहन, पुष्पा बहन, ब्रह्मा कुमार बलवंतराम ,गम्माराम डूंगाराम विशेष सहयोग प्रदान किए। नशा मुक्ति एवं आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी द्वारा अनेकों को नशा छोडने की प्रेरणा दी गई।

### 'मरूगंगा' जीर्णोद्धार की मांग

**नई दिल्ली/पाली/जोधपुर** (निस)। पश्चिमी राजस्थान की मरूगंगा के नाम विख्यात लूणी नदी के जल्द कायाकल्प का मुद्दा लोकसभा में उठा। पाली सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी ने लोकसभा कार्यवाही के नियम 377 के तहत लूणी नदी के जीर्णोद्धार हेतु भारत सरकार से जल्द कार्यवाही का आग्रह किया। सांसद चौधरी ने लूणी नदी के संबंध में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का ध्यान दिलाते हुए संसद में यह नदी उनके संसदीय क्षेत्र पाली शहर सहित जोधपुर, अजमेर, नागौर, बाड़मेर, जालोर में बहती हुई गुजरात के कच्छ की खाड़ी में गिरती है। लूणी नदी की लंबाई लगभग 511 किमी है। अधिकारियों द्वारा नदी के दोनों तरफ का वनीकरण का निर्णय पहले से ही किया जा चुका है।

## पाला पड़ने से खराब हुई फसलों का मुआवजा देने की मांग की

■ किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री को मुआवजे की मांग के लिए पत्र लिखा

**पाली** । भारतीय किसान यूनियन टिकैत गैर राजनीतिक संगठन के पाली जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, पाली प्रभारी मंत्री टीकाराम जूली व पाली जिला कलेक्टर नमित मेहता को पत्र लिखकर पिछले दिनों भारी सर्दी के कारण पाली जिले में पाला पडने से खराब हुई फसल का सर्वे कर गिरदावरी करके मुआवजा देने की मांग की ।

जागरवाल ने पत्र में बताया कि जनवरी 2022 में भारी सर्दी पड़ने के कारण पाली जिले के काश्तकारों की खेती में जीरा, चणा, रायड़ा, गेहूं, इरण्डी, इसबगोल, तारामीरा आदि अनेक फसलों में पाला पडने से फसल खराब हुई है। किसानों के खेत के खेत जलकर खाली हो चुके हैं।

इस वर्ष सरकार ने पाली जिले की 6 तहसीलें रानी, देसुरी, बाली, सुमेरपुर, पाली, रोहट को अकाल घोषित कर रखा है। इस वर्ष पीने का पानी का भयंकर संकट पशुधन को पर्याप्त चारा नहीं, किसानों ने अपना परिवार का पेट पालने के लिए कम बरसात के बाद भी सेंवज की खेती की, जिसमें लगातार सर्दी पड़ने के कारण पाली जिले के सभी तहसीलों में लगभग 60 प्रतिशत पाला पड़ने से फसलें खराब हुई है। किसान पूर्व में महंगा डीजल व खाद व बैंकों के कर्ज के कारण बोझ से दबा हुआ है। अब जिले में पाला पड़ने के कारण किसान बर्बाद के कगार पर आ गया है। पाला पड़ने के कारण फसल उत्पादन न के बराबर होने पर किसान के जुताई का खर्च भी हाथ में नहीं आने वाला है। पूरे जिले में पाला पड़ने के साथ कम बारिश का क्षेत्र रोहट के किसान पूरी तरह से प्रभावित हुआ है।

जागरवाल ने पत्र में मुख्यमंत्री से पुरजोर मांग की है कि पाली जिले में राजस्व विभाग को शीघ्र निर्देश देकर शीघ्र ही हल्का पटवारी द्वारा सर्वे करवाकर खराबा का आंकलन कर धरतीपुत्र किसान को खराब हुई फसल का मुआवजा देने की प्रथम प्राथमिकता से कार्यवाही कर किसान को राहत दें।

## मुमुक्षु ने मुक्त हाथों से किया सांसारिक वस्तुओं का दान

**सायला,** (निसं)। सायला के निकटवर्ती उम्मेदाबाद में शनिवार को मुमुक्षु खुश्बु कुमारी के दीक्षा प्रसंगे आचार्य विजय अरिहंतसिद्ध सूरीश्वर महाराज के सुशिष्य ज्योतिष प्रतिष्ठाचार्य जैनाचार्य विजय रैवत सूरीश्वर महाराज एवं आचार्य विजय हार्दिक रत्नसूरीश्वर महाराज के सान्निध्य में वर्षीदान वरघोडे का गाजे-बाजे के साथ आयोजन हुआ।

वरघोडे को लेकर सवेरे से ही समाजबंधुओं का पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर आयोजन स्थल पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। इसके बाद सवेरे दस बजे से वर्षीदान वरघोडा रवाना हुआ। वरघोडे में सबसे आगे बैंड पार्टी व उसके पीछे सुसज्जित हाथी पर मुमुक्षु खुश्बु कुमारी अपने परिवारजनों के साथ विराजित थी।

जो मुक्त हाथों से सांसारिक वस्तुओं का दान कर मोह माया के बंधन से मुक्ति का संदेश दे रही थी। वही युवक एवं युवतियां संगीत की सुमधुर लहरियों पर नृत्य करते हुए जिनशासन एवं मुमुक्षु अमर रहे की जयघोष लगा रहे थे। महिलाएं मंगल गीत गा रही थी। वही इसके पीछे सुसज्जित अश्वों पर युवा धर्म ध्वजा लिए हुए विराजित थे।

## अस्पताल में किए मास्क वितरण



**जालोर में रोटरी क्लब ने हॉस्पीटल में मास्क का वितरण किया गया।**
फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। जालोर रोटरी क्लब की ओर से कोविड-19 महामारी रोकथाम के लिए चलाये जा रहे मास्क वितरण कार्यकम के तहत शनिवार को राजकीय अस्पताल, टीबी अस्पताल में मौजूद मरीजों एवं उनके परिजनों को रोटरी क्लब व जालोर नागरिक सहकारी बैंक प्रतीक का माक्स वितरण कार्यकम जारी रखा।

क्लब अध्यक्ष तरुण सिद्धावत ने बताया कि अस्पताल परिसर में रोटरी क्लब जालोर के तत्वाधान में नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के सौजन्य से पांच सौ मास्क वितरित किये गए। कार्यकम को संबोधित करते हुए डॉक्टर पवन ओझा ने रोटरी क्लब द्वारा चलाए जा रहे कार्यकम से अवगत कराया। पूर्व सहायक प्रांत पाल कानाराम परमार ने चिकित्सा विभाग व रोटरी क्लब के सहयोग से ही पूरे विश्व में पोलियो जैसी बीमारी को खत्म किया। उसके लिए चिकित्सा जगत से जुड़े डॉक्टरों, नर्सिंगकर्मी व कार्मिको का आभार जताया। कार्यक्रम की शुरुआत टीबी अस्पताल में मरीजों ओर कार्मिको को ,जरनल नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र में छात्र-छात्राओं को तथा अस्पताल परिसर में वार्ड में भर्ती मरीजों व उनके परिजनों को वितरित किए गए।

## पाटोत्सव आज

**जोधपुर,** (कासं)। श्री सुसवाणी माताजी ट्रस्ट के तत्वावधान में सुराणा-सांखला भाईपा बंधुओं की कुलदेवी सुसवाणी माताजी का 23वां पाटोत्सव समारोह रविवार, 6 फरवरी को मंडोर रोड स्थित सुसवाणी माता मंदिर प्रांगण में कोरोना गाइडलाइन की पालना करते हुए बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।


**कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर (राज) 345001**
क्रमांक/भूमि/2021-22/2656 दिनांक 04.02.2022

**प्रसारित नोटिस उजरदारी**

श्री विजय कुमार कपटा पुत्र स्व. श्री भजनलाल कपटा जाति ब्राह्मण निवासी ई-112 गफूरभट्टा कच्ची बस्ती जैसलमेर द्वारा एक आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि भूखण्ड सं. 682 साईज 20 गुणा 49 फीट वाके जयनारायण व्यास आवासीय कॉलोनी जैसलमेर में श्री भजनलाल पुत्र श्री रतनलाल कपटा मृत्यु दिनांक 13.08.2014 को होने के कारण हम वारिसान श्रीमति भंवरीदेवी पत्नि स्व. श्री भजनलाल कपटा, श्रीमती मधु पुत्र स्व. श्री भजनलाल कपटा, श्रीमती सुनीता पुत्री स्व. श्री भजनलाल कपटा, जाति ब्राह्मण निवासीयान जैसलमेर ने विजय कुमार कपटा पुत्र स्व. श्री भजनलाल कपटा के पक्ष में जरिये हक-तर्कनामा नामान्तरण दर्ज करवाना चाहते है। अत: इस सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

आयुक्त,
नगर परिषद, जैसलमेर



**कार्यालय ग्राम पंचायत बालवाडा पंचायत समिति सायला जिला जालोर**

क्रमांक/ग्रापं/2021-22/190 दिनांक 28.01.2022

**ई-बिड सूचना**

पंचायत समिति सायला के अधीनस्त ग्राम पंचायत बालवाडा में वित्तिय वर्ष 2021-22 की शेष अवधि के लिए मनरेगा एवं ग्रामीण विकास की अन्य योजनाओं के लिये निर्माण सामग्री आपूर्ति वाणिज्यक कर /जी.एस.टी. विभाग में राजस्थान वैट अधिनियम 2003 के अन्तर्गत पंजीकृत फर्मो/संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन बिड आंमत्रित की जाती है। उक्त प्रक्रिया में भाग लेने के लिए वांछित योग्यता रखने वाले बिडर विस्तृत विवरण एवं शर्तो की जानकारी के लिए ग्राम पंचायत बालवाडा में सम्पर्क करें तथा विस्तृत विवरण व शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN : ZJR2122GLOB02046
NIB : ZJR2122A0688

सरपंच, ग्राम पंचायत बालवाडा — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बालवाडा


## बैठक पहली बार वर्चुअल रूप से हुई

**बाड़मेर,**(निसं)। जिला परिषद बाड़मेर की साधारण सभा की बैठक जिला प्रमुख महेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में पहली बार वर्चुअली आयोजित की गई।

जिसमे बाड़मेर विधायक मेवाराम जैन भी मौजूद रहें। शिव विधायक अमीन खान, चौहटन विधायक पदमाराम मेघवाल एवं सिवाना विधायक हमीरसिंह भायल वर्चुअली रूप से जुड़े रहे। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना वर्ष 2022-23 की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया।

इस अवसर पर जिला प्रमुख महेन्द्र चौधरी ने अधिकारियों से कहा कि वे जन प्रतिनिधियों द्वारा बताई जाने वाली जन समस्याओं एवं मुद्दों पर त्वरित कार्यवाही कर उनका समाधान कराएं। उन्होने अधिकारियों से जिला परिषद सदस्यों के फोन नम्बर सेव करने को कहा ताकि जन समस्याओं से अवगत कराने पर शीघ्र समाधान कराया जा सकें। उन्होने सदस्यों का आहवान किया कि जनहित से जुड़े मामलों का पूरा फीडबैक और जानकारी सदन के पटल पर रखे। ताकि उनका उचित तरीके से निराकरण किया जा सकें।

उन्होने अधिकारियों से पेयजल, विद्युत, सड़क समेत मूलभूत सुविधाओं तथा विकास योजनाओं के जुड़े कार्य प्राथमिकता से प्रारम्भ कराने तथा प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक अमीन खान ने कहा कि भारतमाला सड़क निर्माण प्रोजेक्ट में डीएनपी क्षेत्र में अधूरे कार्य पूर्ण कराने एवं गागरिया में पुल का कार्य शुरू कराने को कहा।

उन्होने बोर्डर रोड़ का कार्य गुणवतापूर्वक कर सड़कों को मजबूत करने की बात कही। बाड़मेर विधायक मेवाराम जैन ने मनरेगा योजना में निविदा प्रक्रिया में सुधार करने को कहा।

## अवैध मादक पदार्थो के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बाड़मेर,** (निसं)। बाड़मेर को स्वस्थ व नशामुक्त बनाने के अभियान को प्राथमिकता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव की अगुवाई में बाड़मेर पुलिस लगातार नशे व तस्करी के विरुद्ध कार्यवाहियों को अंजाम दे रही है। इसी कड़ी में शनिवार को कोतवाली पुलिस ने दो अलग - अलग मामलों में अवैध मादक पदार्थो को बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।एसपी दीपक भार्गव ने बताया कि शनिवार को कोतवाली थानाधिकारी उगमराज सोनी के नेतृत्व में पुलिस ने दो आरोपियों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ जब्त कर उन्हें गिरफतार किया है। कोतवाली के हैड कॉन्स्टेबल पदमपुरी द्वारा आसूचना संकलन कर बाडमेर शहर में चल रहे नशीले पदार्थो के अवैध ठिकानों का पता लगाया गया।

## एक हजार मोजडी पहनने का बनेगा रिकार्ड

**जालोर,** (कासं)। जिला प्रशासन एवं जालोर विकास समिति के तत्वावधान में जालोर की जूती को विश्व स्तर पर ख्याति व व्यापार के साथ साथ भीनमाल, बडगांव व जालोर जिले मोजडी के कुशल कारीगरो से हस्त कला व कशीदा की दस्तकारी के महत्व व कला को बढाने के उद्देश्य के साथ इस बार 15 फरवरी को 11 बजे जालोर स्टेडियम प्रांगण मे मोजडी की शान, जालोर की पहचान कार्यक्रम में राष्ट्रगान से जालोर महोत्सव 2022 का आगाज होगा। जालोर महोत्सव में इस बार जालोर को एक अलग पहचान दिलाने के लिए शोभायात्रा में एक हजार लोगो द्वारा मोजडी (जुती) पहनकर पहुंचने का लक्ष्य रखा हैं। जालोर की जूती पूरे देशभर में प्रसिद्ध है। खासकर बडगांव व भीनमाल की जूतियां की काफी डिमांड रहती है।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

शाखा कार्यालय: पोकरण, बस स्टेण्ड के सामने, जोधपुर रोड़, पोकरण, जिला जैसलमेर, राजस्थान-345021, ई-मेल: pokhra@bankofbaroda.co.in

**चल एवं अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

"परिशिष्ट-II-क" एवं "परिशिष्ट-IV-क" [नियम 6(2) एवं नियम 8(6) का परन्तुक देखें]

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) व नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन चल एवं अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल एवं अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास दृष्टिबंधक / गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर **बैंक ऑफ बड़ौदा**, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/ जमानतदारों/ प्रतिभूत आस्तियों/ बकायों / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

| क्रं. सं. | ऋणियों/जमानतदारों के नाम एवं पते | ज्ञात संपत्तियों के साथ चल एवं अचल संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो | कुल बकाया | ई-नीलामी की दिनांक व समय | आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि | कब्जे की स्थिति (प्रलक्षित/ वास्तविक) | संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **मैसर्स श्री विनायक ग्वार गम इंडस्ट्रीज** 82, राजपुतो की ढ़ाणियां, माधोपुरा, तहसील पोकरण, जिला-जैसलमेर, राजस्थान **पार्टनर्स/जमानतदार:** **(1) श्री भूपत सिंह पुत्र श्री मेहताब सिंह** 82, राजपुतो की ढ़ाणियां, माधोपुरा, तहसील पोकरण, जिला-जैसलमेर, राजस्थान **(2) श्री आसु सिंह पुत्र श्री मेहताब सिंह** माधोपुरा, माधोपुर, जैसलमेर, सांकड़ा, राजस्थान- 345026 **(3) श्री नरप्रताप सिंह पुत्र श्री मेहताब सिंह** 82, राजपुतो की ढ़ाणियां, माधोपुरा, पोकरण, सांकड़ा, जैसलमेर, राजस्थान **जमानतदार:** **(1) श्री मेहताब सिंह पुत्र श्री हुकम सिंह** 90, सावल सिंह की ढ़ाणी, माधोपुरा, तहसील पोकरण, जिला-जैसलमेर, राजस्थान **(2) श्रीमती कमला कंवर पत्नी श्री मेहताब सिंह** 90, सावल सिंह की ढ़ाणी, माधोपुरा, तहसील पोकरण, जिला-जैसलमेर, राजस्थान **(3) श्री रामचन्द्र पुत्र श्री बलवता राम** मकान नं. 198, गांव बेलदारों की ढ़ाणी, मंडावा पार्ट 1, तहसील पोकरण, जिला-जैसलमेर, राजस्थान | **लोट (एबी)**- प्लान्ट और मशीनरी **("जो है, जैसी है, जहां है, और जितनी भी उपलब्ध है के आधार पर")** जो कि खसरा नं. 448/235, 450/235, गांव केलवा, तहसील पोकरण, जिला जैसलमेर, राजस्थान पर स्थित है। एवं श्री नरप्रताप सिंह पुत्र श्री मेहताब सिंह के नाम साम्यिक बंधक फैक्ट्री भूमि एवं भवन जो खसरा नं. 448/235, 450/235, गांव केलवा, तहसील पोकरण, जिला जैसलमेर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 10.00 बीघा (16187.28 मीटर/वर्ग) है। **सीमाएं**- पूर्व: अन्य खसरा भूमि, पश्चिम: अन्य खसरा भूमि, उत्तर: रोड़ पोकरण से देवीकोट, दक्षिण: अन्य खसरा भूमि **अन्य ऋण भार:** ज्ञात नहीं | रूपये 2,06,60,148.18 दिनांक 16.04.2019 को बकाया (दिनांक 31.03.2019 तक का ब्याज शामिल करते हुए) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि। | 23.02.2022 एवं दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ) | **आरक्षित मूल्य-** रूपये 63,83,000/- (रूपये तिरसठ लाख तिरासी हजार मात्र) **धरोहर राशि-** रूपये 6,38,300/- (रूपये छह लाख अड़तीस हजार तीन सौ मात्र) **बोली वृद्धि राशि-** रूपये 25,000/- (रूपये पच्चीस हजार मात्र) | वास्तविक | 17.02.2022 सुबह 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक |
| | | **लोट (ए)**- प्लान्ट और मशीनरी **("जो है, जैसी है, जहां है, और जितनी भी उपलब्ध है के आधार पर")** जो कि खसरा नं. 448/235, 450/235, गांव केलवा, तहसील पोकरण, जिला जैसलमेर, राजस्थान पर स्थित है। **अन्य ऋण भार:** ज्ञात नहीं | | 23.02.2022 एवं दोपहर 01:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ) | **आरक्षित मूल्य-** रूपये 3,83,000/- (रूपये तीन लाख तिरासी हजार मात्र) **धरोहर राशि-** रूपये 38,300/- (रूपये अड़तीस हजार तीन सौ मात्र) **बोली वृद्धि राशि-** रूपये 25,000/- (रूपये पच्चीस हजार मात्र) | वास्तविक | 17.02.2022 सुबह 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक |
| | | **लोट (बी)**- श्री नरप्रताप सिंह पुत्र श्री मेहताब सिंह के नाम साम्यिक बंधक फैक्ट्री भूमि एवं भवन जो खसरा नं. 448/235, 450/235, गांव केलवा, तहसील पोकरण, जिला जैसलमेर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 10.00 बीघा (16187.28 मीटर/वर्ग) है। **सीमाएं**- पूर्व: अन्य खसरा भूमि, पश्चिम: अन्य खसरा भूमि, उत्तर: रोड़ पोकरण से देवीकोट, दक्षिण: अन्य खसरा भूमि **अन्य ऋण भार:** ज्ञात नहीं | | 23.02.2022 एवं दोपहर 02:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ) | **आरक्षित मूल्य-** रूपये 60,00,000/- (रूपये साठ लाख मात्र) **धरोहर राशि-** रूपये 6,00,000/- (रूपये छह लाख मात्र) **बोली वृद्धि राशि-** रूपये 25,000/- (रूपये पच्चीस हजार मात्र) | वास्तविक | 17.02.2022 सुबह 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक |

**नोट:-लोट (ए) की नीलामी केवल तभी आयोजित की जाएगी जब लोट (एबी) की नीलामी सफल नहीं होगी। लोट (बी) की नीलामी तभी आयोजित की जाएगी जब लोट (ए) की सफलतापूर्वक नीलामी हो जाएगी।**

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं https://ibapi.in देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से दूरभाष नं.-02994 - 222224, मोबाईल नं. 8875001970 पर संपर्क कर सकते है।

दिनांक: 05.02.2022
स्थान: पोकरण (जैसलमेर)

हस्ता
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा


# गुरु के द्वार से गुजर कर ही परमात्मा को पाया जा सकता है : जैनमुनि

**सायला,** (निसं)। सायला के निकटवर्ती रेवतड़ा में शुक्रवार को आचार्य जयन्तसेन सूरी महाराज के सुशिष्य मुनि डॉ. संयमरत्न विजय व मुनि भुवनरत्न विजय के पावन सान्निध्य में युग प्रभावक आचार्य जयन्तसेन सूरी महाराज के 69वें संयमोत्सव प्रसंगे जीवदया का आयोजन किया गया। साथ ही सामूहिक सामायिक के साथ ही श्री पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजा का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर आयोजित धर्मसभा में गुरु के गुणों का बखान करते हुए मुनि डॉ. संयमरत्न विजय ने कहा कि गुरुदेव ने 68 वर्ष पूर्व सियाणा में आचार्य श्री यतीन्द्र सूरी के पावन करकमलों से संयम लेकर ज्ञान-ध्यान-साधना करते हुए सदैव गुरु आज्ञा में रहे। गुरु आज्ञा का पालन करना ही गुरुदेव के जीवन का प्राण मंत्र था। जो गुरु के वचन को गिरने नहीं देता, वह कभी भी, कहीं भी गिरता नहीं है। गुरु के वचन परमात्मा के वचन के समान होते हैं, ऐसा मानकर जो गुरु आज्ञा को धारण करता है, उसका अवश्यमेव उद्धार होता है। गुरु दीवार नहीं द्वार है। गुरु के द्वार से गुजर कर ही परमात्मा को पाया जा सकता है। यही कारण है कि सिक्खों ने अपने आराधना स्थल को गुरुद्वारा कहा है। गुरु भगवान नहीं दे सकता, लेकिन भय अवश्य काट सकता है और भय का काटना ही भगवान का साक्षात्कार है। गुरु शास्त्र और सिद्धांत नहीं देता, वह तुम्हें ज्ञान देता है तुम्हें आँख देता है जिससे तुम देख सको कि कहाँ खाई-गड्ढे हैं और कहाँ समतल राजमार्ग है? जैसे जमीन के नीचे पानी और हर पत्थर में प्रभु की छवि छिपी हुई है, उसी तरह हर आत्मा में परमात्मा की ज्योति छिपी है। लेकिन जिस तरह पानी निकालने के लिए जमीन को खोदना होता है और पत्थर में प्रतिमा के दर्शन के लिए उसे तराशना पड़ता है, उसी तरह आत्मा में बैठे परमात्मा के दर्शन हेतु मनुष्य को तपस्या व सतत् साधना से गुजरना पड़ता है। प्रवचन के पूर्व मुनिद्वय ने मीठालाल व समस्त हिराणी परिवार एवं कमला देवी छगनराज मंडोत परिवार के गृहांगण पर पगलिये कर शुभाशीर्वाद प्रदान किया। वही 6 फरवरी को बाकरा में ध्वजारोहण हेतु मुनिद्वय ने रेवतड़ा से मंगलमय विहार किया। इस दौरान समाजबंधु मौजूद रहे।



**मुनि डॉ. संयमरत्न विजय व मुनि भुवनरत्न विजय के सान्निध्य में जीवदया का आयोजन किया गया।**